अभ्यास प्रश्नपत्र

विषय हिंदी आधार

कोड सं 302

कक्षा - बारहवीं

समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

निर्देश:-

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं अ और ब ।
2. अ भाग में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पी प्रश्न हैं तथा प्रत्येक का एक अंक है।
3. ब में वर्णनात्मक प्रश्न हैं तथा उनके अंक सामने दिए गए हैं।

खंड - अ

1	अ	निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उचित विकल्प को चुनें -	10
		सच्चाई, ईमानदारी, संयम आदि गुण मनुष्य के चार चारित्रिक मापदंड है इन्हीं गुणों से विभूषित होकर महात्मा गांधी समस्त संसार के लिए वंदनीय बने । इन्हीं से सज्जित होने के कारण सुभाष, पटेल, विवेकानंद आदि महापुरुषों ने हमारा पथ प्रदर्शन किया । अतः चरित्र निर्माण के लिए इन गुणों को ग्रहण करना परम आवश्यक है । यदि इन गुणों के साथ परिश्रम को और मिला दिया जाए तो ऐसा जीवन बड़ा पवित्र और दृढ़ हो सकता है । वास्तविक रूप में उदयम ही जीवन है सच्चाई, ईमानदारी ,संयम आदि गुण परिश्रम से जुड़े हैं यदि भली प्रकार जीवन का निरीक्षण किया जाए तो ज्ञात होगा कि परिश्रम ही व्यक्तित्व की कुंजी है परिश्रम करने के लिए संयम की आवश्यकता है और निरंतर नियमानुसरण से प्राप्त होता है । जीवन को एक क्रम में ढालना अत्यंत परिश्रम साध्य काम है । एक बार प्रयत्न पूर्वक परिश्रम के द्वारा जीवन को सही दिशा प्राप्त हो जाए तो फिर मनुष्य का भविष्य निश्चय ही उन्नति की ओर अग्रसर है । परिश्रम दो प्रकार का होता है एक शारीरिक और दूसरा मानसिक । शरीर और मन में संतुलन बनाए रखने के लिए दोनों प्रकार का परिश्रम वांछनीय है |	
	क	**उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ?** (i) जीवन चरित्र (ii) चारित्रिक मापदंड (iii) परिश्रम (iv) संकल्प	1
	ख	**परिश्रम कितने प्रकार का होता है** (i) 2 (ii) 4 (iii) 6 (iv) 3	1
	ग	**परिश्रम क्यों वाँछनीय है** (i)शरीर और मन के संतुलन के लिए (ii) विचार और मन के संतुलन के लिए (iii)जीवन विकसित करने के लिए (iv) शिक्षा के लिए	1
	घ	**व्यक्तित्व की कुंजी क्या है ?** (i)परिश्रम (ii) संकल्प (iii)विचार (iv) ईमानदारी	1

	ङ	**भविष्य उन्नति की ओर कब अग्रसर होता है?** (i) जीवन को सही दिशा मिलने पर (ii) जीवन में गलत दिशा मिलने पर (iii) जीवन विकसित होने पर (iv) कोई नहीं	1
	च	**चरित्र निर्माण के लिए कौन-कौन से गुण आवश्यक है?** (i) सच्चाई, ईमानदारी ,संयम परिश्रम (ii) सच्चाई, ईमानदारी ,व्रत (iii) हर्ष, ईमानदारी, संयम (iv) कोई नहीं	1
	छ	**ईमानदारी का विलोम है** (i) सच्चाई (ii) बेईमानी (iii) सहयोग (iv) धोखा	1
	ज	**पथ प्रदर्शन का अर्थ है** (i)रास्ते पर चलना (ii) रास्ता दिखाना (iii)रास्ता बनाना (iv)कोई नहीं	1
	झ	**कुंजी का अर्थ है** (i)धोखा (ii)बेईमानी (iii)सहयोग (iv) गुप्त रहस्य	1
	ञ	**जीवन को एक क्रम में ढालना कैसा काम है** (i)अत्यंत परिश्रम साध्य (ii)सरल (iii)कम परिश्रम वाला (iv)उपर्युक्त में से कोई नहीं	1
		अथवा	
		उन सामाजिक तथा सरकारी नियमों का ज्ञान जिनके आधार पर राजकीय कार्य चला करता है, राजनीतिक ज्ञान कहा जाता है। व्यापक अर्थों में इन कार्यों से संबंधित इतर ज्ञान भी राजनीति की सीमा में आते हैं। प्रजातन्त्र के युग में तो राजनीति का क्षेत्र और भी बढ़ गया है। आज हर व्यक्ति का संबंध किसी न किसी रूप में शासन से हो गया है। हर व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। हर एक प्रत्याशी अपना प्रचार करता है। जनता सबकी बातें सुनती है तथा उन्हीं में से अपना प्रतिनिधि चुनती है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा के लिए बड़े नगरों तथा कस्बों में जाते हैं यहाँ आए दिन किसी न किसी पार्टी के नेता आते जाते हैं तथा उनके भाषण भी होते हैं। इन भाषणों में विद्यार्थियों की संख्या कम नहीं होती है। भाषणों का उनकी अल्पबुद्धि पर प्रभाव पड़ता है। उनकी भावुकता के कारण इन भाषणों का रंग गहरा हो जाता है। परिणाम यह होता है कि वे अध्ययन के स्थान पर राजनीतिक गतिविधियों में अधिक रुचि लेने लगते हैं। राजनीति का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उन्हें इसे भी एक पाठ्य विषय के रूप में समझना चाहिए तथा इस पर सामान्य रूप से चिंतन मनन करना चाहिए। उन्हें अपनी अवस्था के अनुसार देश-विदेश में घटने वाली घटनाओं का विश्लेषण करना चाहिए। जिज्ञासु भाव से तर्क वितर्क भी करना चाहिए ताकि उनका ज्ञान विस्तृत हो। उन्हें अनेक प्रकार के आंदोलनों पर विचार करना चाहिए तथा पाठ्य क्रम के अध्ययन से बचे समय का उपयोग सामान्य ज्ञान प्राप्त करने के लिए करना चाहिए। विश्व में प्रचलित विभिन्न विचारधाराओं का विश्लेषणपूर्वक अध्ययन करना चाहिए तथा अपने और समाज के लिए उपयोगी विचारधारा का परीक्षण और चुनाव करना चाहिए। उनका यह भी कर्त्तव्य है कि वे राजनीति के सैद्धांतिक तथा	

		व्यावहारिक पक्षों को ठीक ढंग से जाने। उनको जाने बिना उनके जीवन में पूर्णता नहीं आ सकती है। उनका ज्ञान ठोस तथा परिस्थिति के अनुकूल चलने वाला हो। उन्हें राजनीति में कर्तव्य और अधिकारों का समुचित ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, जिसे वे भावी जीवन में कार्यान्वित कर सकें न कि क्रियात्मक राजनीति में पथभ्रष्ट हों। वर्तमान युग में मनुष्य का जीवन अधिकांशतः राजनीति से सम्बद्ध हो गया है। प्रजातंत्र के युग में जनता और सरकार के बीच की खाई अधिक संकीर्ण हो गई है। हर व्यक्ति का जीवन सरकार के लिए बनता चला जा रहा है। साम्यवादी तथा अधिनायक तंत्र से शासित देशों में तो व्यक्ति पूर्णतया सरकार के लिए ही है। उनका अस्तित्व केवल कहने के लिए है। उनकी शिक्षा और दीक्षा भी ऐसे वातावरण में होती है कि वह स्वतंत्र चिंतन में प्रायः असमर्थ हो जाता है। इस तरह की और भी अनेक व्यवस्थाएँ विभिन्न देशों में चल रही हैं। कहीं कहीं उद्योग, अर्थवाद, भौतिकतावाद ही जीवन का चरम लक्ष्य बन गया है। अतः राजनीति का ज्ञान रखने वाला विद्यार्थी अपने जीवन के लिए सुयोग्य मार्ग चुन सकता है। वह देश समाज के लिए उचित व्यवस्था का समर्थन कर सकता है। देश की औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक उन्नति में सहायक हो सकता है। विवेकपूर्ण ढंग से अध्ययन करने वाला विद्यार्थी राजनीति से पूरा लाभ उठा सकता है। अपने देश में विद्यार्थियों के ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएँगे जिन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में राजनीति का गहन अध्ययन कर जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझा है और अपने जीवन को उज्ज्वल बनाया है।	
	क	यह युग किस व्यवस्था का युग है? (अ)तानाशाही का (आ) लोकतन्त्र का (इ) समाजवाद का (ई) अधिनायकवाद का	1
	ख	विद्यार्थियों की बुद्धि कैसी मानी गई है? (अ) अल्पबुद्धि (आ) अधिक बुद्धि (इ) तीव्र बुद्धि (ई) मंद बुद्धि	1
	ग	विद्यार्थियों को राजनीति का अध्ययन किस भाव से करना चाहिए? (अ) स्थिर भाव से (आ) अस्थिर भाव से (इ) स्पष्ट भाव से (ई) जिज्ञासु भाव से	1
	घ	विद्यार्थी अपनी शिक्षा के लिए कहाँ जाते हैं? (अ) विदेश में (आ) परदेस में	1

		(इ) बड़े नगरों और कस्बों में (ई) गाँव में	
	ङ	विश्व में प्रचलित विभिन्न विचार धाराओं का अध्ययन किस प्रकार करना चाहिए? (अ) ध्यानपूर्वक (आ) विश्लेषणपूर्वक (इ) संश्लेषणपूर्वक (ई) विस्तारपूर्वक	1
	च	साम्यवादी तथा अधिनायक तंत्र से शासित देशों में व्यक्ति की क्या स्थिति है? (अ) व्यक्ति स्वतंत्र है (आ) व्यक्ति पूर्णतया सरकार के लिए ही है (इ) व्यक्ति की इच्छा से सरकार चलती है (ई) व्यक्ति संप्रभु है	1
	छ	राजनीति का ज्ञान रखने वाला विद्यार्थी क्या कर सकता है? (अ) अपना प्रतिनिधि स्वयं चुन सकता है (आ) अपने लिए व्यवस्था चुन सकता है (इ) अपने जीवन के लिए सुयोग्य मार्ग चुन सकता है (ई) बुरी व्यवस्था को बदल सकता है	1
	ज	नेताओं के भाषणों का विद्यार्थियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? (अ) वे अच्छे नेता बन सकते हैं (आ) वे देश के निर्माण में लग सकते हैं (इ) वे अध्ययन के स्थान पर राजनीतिक गतिविधियों में अधिक रुचि लेने लगते हैं (ई) वे देश के लिए कुछ नहीं करते	1
	झ	प्रजातंत्र के युग में जनता और सरकार के बीच में कैसे संबंध होते हैं? (अ) अच्छे नहीं होते (आ) करीबी संबंध होते हैं (इ) नेता जनता की परवाह नहीं करते (ई) उपर्युक्त में से कोई नहीं	1
	ञ	साम्यवाद और अधिनायकवाद में विद्यार्थियों की कैसी दशा होती है? (अ)उन्हें राजनीति में भाग लेने दिया जाता है (आ) वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं (इ) वे राजनीति की धुरी होते हैं (ई) वे स्वतंत्र चिंतन में प्रायः असमर्थ होते हैं	1
1	ब	निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उचित विकल्प का चुनाव करें-	5
		मुक्त करो नारी को मानव ! चिर बंदनी नारी को,	

		युग युग की बर्बर कारा से- जननी, सखी, प्यारी को ! छिन्न करो सब सब स्वर्ण पाश- उसके कोमल तनमन के-, वे आभूषण नहीं, दाम उसके बंदी जीवन! उसे मानवी का गौरव दे पूर्ण सत्व दो नूतन, उसका मुख जग का प्रकाश हो, उठे अंध अवगुंठन। मुक्त करो जीवन संगिनी को, जननी देवी को आदृत जगजीवन में मानव के संग हो मानवी प्रतिष्ठित ! प्रेम स्वर्ग हो धरा, मधुर नारी महिमा से मंडित , नारी मुख की नव किरणों से युग! प्रभात हो ज्योतित-	
	क	नारी को मुक्त करने के लिए क्यों कहा गया है? (अ)क्योंकि वह सदियों से बंदी है (आ) क्योंकि उसका भी आदर और सम्मान है (इ) उसे भी अपना विकास करना चाहिए (ई) उपर्युक्त सभी	1
	ख	'स्वर्ण-पाश' का क्या अभिप्राय है? (अ)सोने के गहने (आ) सुनहरी बंधन (इ) सोने का सामान (ई) उपर्युक्त सभी	1
	ग	"पूर्ण सत्व" का क्या अभिप्राय है? (अ)पूर्ण रूप से शांति (आ)पूर्ण रूप से अभिव्यक्ति (इ) पूर्ण रूप से स्वतन्त्रता (ई) उपर्युक्त सभी	1
	घ	"उठे अंध अवगुंठन" कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?	1

		(अ)अज्ञान का अँधेरा दूर हो (आ) अज्ञान का प्रकाश दूर हो (इ) ज्ञान का अँधेरा दूर हो (ई) उसका अंधापन दूर हो	
	ङ	"मुक्त करो जीवन संगिनी को" कहकर कवि नारी की किस भूमिका पर प्रकाश डालना चाहता है? (अ)सखी की भूमिका (आ) माँ की भूमिका (इ) बहन की भूमिका (ई) पत्नी की भूमिका	1
		अथवा	
		फिर से नहीं आता समय, जो एक बार चल गया, जग में कहीं बाधा- रहित कब कौन काम हुआ भला | 'बहती नदी सूखे अगर उस पार मैं इसके चलूँ- इस सोच में बैठा पुलिन पर, पार जा सकता भला ? किस रीति से क्या काम, कब करना, बनाकर योजना, मन में लिए आशा प्रबल, दृढ जो वही बढ़ जाएगा | उसको मिलेगा तेज बल, अनुकूलता सब ओर से, वह कर्मयोगी, वीर, अनुपम साहसी सुख पाएगा || यह वीरभोग्या, जो हृदयतल में बनी वसुधा सदा, करती रही आह्वान है, युग-वीर का, पुरुषत्व का | कठिनाइयों में खोजकर पथ, ज्योति-पूरित जो करे, विजयी वही होता धरणी-सूत वरन कर अमरत्व का ||	
	क	समय की क्या विशेषता है? (अ)समय बार-बार आता है (आ) समय दोबारा नहीं आता (इ) समय अवसर नहीं देता (ई) समय अवसर देता है	1
	ख	कौनसा मनुष्य नदी के पार नहीं जा सकता? (अ)जो समय की प्रतीक्षा करता नहीं करता (आ) जो समय की प्रतीक्षा करता है (इ) जो नदी के सूखने की प्रतीक्षा करता है (ई) जो तैरना नहीं जानता	1
	ग	कौनसा मनुष्य आगे बढ़ जाता है? (अ)जो तैरना जानता है (आ) जो आशावादी और दृढ़ निश्चयी होता है	1

		(इ) जो नदी की धारा को देखकर प्रतीक्षा करता है (ई) जो बैठकर योजना बनाता है	
	घ	धरती की क्या विशेषता बताई गई है? (अ) वह वीर भोग्या है (आ) वह उपजाऊ है (इ) वह सभी को सहारा देती है (ई) उपर्युक्त सभी	1
	ङ	जीत किसकी होती है? (अ)जो प्रतीक्षा करता है (आ) जो युद्ध करता है (इ) जो अपने ऊपर कोई लांछन नहीं लगने देता (ई) जो कठिनाइयों में रास्ता खोज लेता है	1
2	अ	निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उचित विकल्प "अभिव्यक्ति और माध्यम" पुस्तक के आधार पर खोजें-	5
	क	जब कोई पत्रकारिता सनसनी पूर्ण समाचार प्रस्तुत करती है, तो उसे क्या कहते हैं? (अ)वॉचडॉग पत्रकारिता (आ) विशेषीकृत पत्रकारिता (इ) वैकल्पिक पत्रकारिता (ई) पीत पत्रकारिता	1
	ख	जब कोई पत्रकार भुगतान के आधार पर अलग-अलग पत्रों में कार्य करता है तो उसे क्या कहते हैं? (अ)खोजी पत्रकार (आ) फ्रीलांसर पत्रकार (इ) नियमित वेतनभोगी (ई) पूर्णकालिक पत्रकार	1
	ग	एंकर पैकेज का क्या अर्थ होता है? (अ)जिसमें पत्रकारिता की सभी विशेषताएँ विद्यमान हों (आ) जिसमें लोगों से बातचीत न दिखाई जाए (इ) जिसमें ध्वनि तो हो परंतु चित्र न हों (ई) जिसमें संवाददाता फोन पर समाचार सुनाए	1
	घ	संपादक का क्या कार्य होता है? (अ)समाचारों को इकट्ठा करना (आ)समाचारों को प्रस्तुत करना (इ) प्रकाशन योग्य समाचारों का चयन करना (ई) घटनास्थल से समाचार प्रस्तुत करना	1
	ङ	विभिन्न विषयों से जुडे समाचारों के लिए संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन	1

		क्या कहलाता है? (अ)डेस्क (आ) बीट (इ) फीचर (ई) डेडलाइन	
3	अ	निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर बहुविकल्पी प्रश्नों के उचित विकल्प खोजें-	5
		जिंदगी में जो कुछ है, जो भी है सहर्ष स्वीकारा है; इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है वह तुम्हें प्यारा है। गरबीली गरीबी यह,ये गंभीर अनुभव सब यह विचार -वैभव सब दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब मौलिक है,मौलिक है इसलिए कि पल-पल में जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है- संवेदन तुम्हारा है।	
	क	कविता के कवि का नाम बताएँ- (अ) कुँवर नारायण (आ) हरिवंश राय बच्चन (इ) रघुवीर सहाय (ई) गजानन माधव मुक्तिबोध	1
	ख	कवि किसे सहर्ष स्वीकार कर लेता है? (अ)मौलिकता को (आ) जीवन की उपलब्धियों को (इ) जीवन की उपलब्धियों और कमियों को (ई) अपने प्रिय को	1
	ग	कवि किसे मौलिक मानता है? (अ)विचारों को (आ) प्रिय को (इ) जीवन को (ई) मृत्यु को	1
	घ	संवेदन से आप क्या समझते हैं? (अ)दुख (आ) पीड़ा	1

		(इ) प्रेरणा (ई) प्रेम	
	ङ	कविता की भाषा के संबंध में उचित विकल्प का चुनाव करें- (अ)मानक हिन्दी भाषा, संस्कृत के शब्दों का प्रयोग (आ) मानक हिंदी भाषा, उर्दू शब्दों का प्रयोग (इ) हिन्दुस्तानी भाषा (ई) कठिन हिंदी भाषा	1
3	ब	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर बहु विकल्पी प्रश्नों के उचित विकल्प खोजें-	5
		बाजार में एक जादू है| वह जादू आँख की राह काम करता है| वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है| जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है| जेब खाली, पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा| मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उसके पास पहुँच जाएगा| कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी माननेवाला है| मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ| सभी सामान जरूरी और आराम बढ़ाने वाला मालूम होता है| पर यह सब जादू का असर है| जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि चीजों की बहुतायत आराम में मदद नहीं देती, बल्कि खलल ही डालती है|	
	क	बाज़ार का जादू कैसे काम करता है? (अ)रूप के रास्ते (आ) आँख के रास्ते (इ) चुंबक के रास्ते (ई) उपर्युक्त सभी विकल्प ठीक हैं	1
	ख	बाज़ार का जादू सबसे अधिक कब चढ़ता है? (अ)जब जेब भरी हो और मन खाली (आ) जब जेब और मन दोनों भरे हों (इ) बह जेब और मन दोनों खाली हों (ई) जाह जेब खाली हो और मन भरा हो	1
	ग	बाज़ार में जाकर व्यक्ति क्या-क्या खरीद लेना चाहता है? (अ)आवश्यकता की वस्तुएँ (आ) ऐश्वर्य की वस्तुएँ (इ) बेकार की वस्तुएँ (ई) सभी-कुछ	1
	घ	“जादू की सवारी” से आप क्या समझते हैं? (अ)सुंदर गाड़ी (आ) हवाई सफर (इ) बाज़ार का जादू	1

		(ई) उपर्युक्त सभी विकल्प ठीक हैं	
	ङ	पाठ के लेखक का नाम बताएँ- (अ)महादेवी वर्मा (आ) जैनेन्द्र कुमार (इ) फणीश्वर नाथ रेणु (ई) यशपाल	1
4	अ	निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर वितान भाग-2 पुस्तक के आधार पर दें-	10
	क	'सिल्वर वैडिंग' कहानी में यशोधर पंत जी का विवाह कब हुआ था? (अ)12 दिसंबर 1947 (आ) 6 दिसंबर 1947 (इ) 6 फरवरी 1947 (ई) 12 फरवरी 1950	1
	ख	'सिल्वर वैडिंग' कहानी में यशोधर पंत जी जल्दी घर क्यों नहीं जाते थे? (अ)उनकी अपनी पत्नी और बच्चों से बनती नहीं थी (आ) वे प्रतिदिन मंदिर जाते थे (इ) उन्हें शाम के समय घूमना पसंद था (ई) उपर्युक्त तीनों विकल्प ठीक हैं	1
	ग	'जूझ' कहानी का नायक आनंदा की माँ जंगली सूअर किसे कहती है? (अ)आनंदा के पिता को (आ) देसाई सरकार को (इ) आनंदा को (ई) उपर्युक्त में से कोई नहीं	1
	घ	'जूझ' पाठ मूल रूप से किस भाषा में लिखा गया था? (अ)अंग्रेज़ी (आ) गुजराती (इ) मराठी (ई) उर्दू	1
	ङ	मुअनजो-दड़ो का क्या अर्थ होता है? (अ) खंडहर (आ)सिंधु घाटी सभ्यता (इ) सबसे पुरानी सभ्यता (ई) मुरदों का टीला	1
	च	मेसोपोटामिया के शिलालेखों में मुअनजो-दड़ो के लिए किस नाम का उल्लेख मिलता है? (अ)हड़प्पा (आ) मोहन जोदड़ों	1

		(इ) सिंधु घाटी सभ्यता (ई) मेलुहा	
	छ	सिंधु घाटी सभ्यता में रंगाई का छोटा कारखाना भी मिला जिससे यह सबूत मिले कि वहाँ रंगाई भी होती थी। यह कारख़ाना किस पुरातत्ववेत्ता ने खोजा? (अ)माधोस्वरूप वत्स ने (आ) जॉन मार्शल ने (इ) राखालदास बनर्जी ने (ई) काशीनाथ दीक्षित ने	1
	ज	सिंधु घाटी सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्य-बोध है। यह किस पर आधारित है? (अ)राज-पोषित (आ) धर्म-पोषित (इ) समाज-पोषित (ई) उपर्युक्त सभी	1
	झ	'सिल्वर वैडिंग' कहानी में यशोधर पंत अपनी पत्नी को क्या कहकर चिढ़ाते थे? (अ) शानयल बुढ़िया (आ) समहाउ इंप्रोपर (इ) मॉडर्न बुढ़िया (ई) उपर्युक्त सभी	1
	ञ	'जूझ' कहानी में आनंदा किस शिक्षक से सर्वाधिक प्रभावित होता है? (अ) मंत्री नामक शिक्षक से (आ) गणित के शिक्षक से (इ) हिन्दी शिक्षक से (ई) सौंदलगेकर नामक शिक्षक से	1

खंड-ब

5	1	निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में लेख लिखें- (अ)कोरोना का रोना (आ) रेल की एक यात्रा (इ) मेरे भविष्य के सपने	5
	2	मान लीजिए आप अपने गाँव के सरपंच श्री राम लाल हैं। आपके गाँव में आवारा पशु किसानों की फसलें खराब कर रहे हैं। इस समस्या को सुलझाने के लिए अपने राज्य के कृषि मंत्री को पत्र लिखें। अथवा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से दसवीं की अंक तालिका में आपकी जन्म तिथि	5

		गलत लिखी हुई आई है। इसे ठीक करने के लिए सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को प्रार्थना पत्र लिखें।	
	3(i)	कविता की रचना प्रक्रिया में छंद और बिंब का महत्त्व स्पष्ट करें। अथवा नाटक के निर्माण में आवश्यक तत्वों का उल्लेख करें।	3
	3(ii)	कहानी के तत्वों का वर्णन कीजिए। अथवा कविता लेखन के बारे में कौन-कौन से मत प्रचलित हैं?	2
	4(i)	फीचर किसे कहते हैं? इसकी कोई दो विशेषताएँ लिखें। अथवा 'क्रिकेट मैच में भारत की पाकिस्तान पर जीत' विषय पर उल्टा पिरामिड शैली में एक समाचार लिखें।	3
	4(ii)	आलेख किसे कहते हैं? इसे लिखने में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? अथवा फीचर और आलेख में कोई दो अंतर लिखें।	2
6	1	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखें-	6
	(i)	'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है। स्पष्ट करें।	3
	(ii)	"दिन जल्दी-जल्दी ढलता है" कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।	3
	(iii)	कविता के किन उपमानों को देख कर कहा जा सकता है कि उषा गाँव की सुबह का गतिशील शब्द चित्र है ?	3
	2	निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दें-	4
		कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने बाहर भीतर इस घर, उस घर कविता के पंख लगा उड़ने के माने चिड़िया क्या जाने?	
	(i)	काव्यांश की भाषागत विशेषताओं को लिखो।	2
	(ii)	'कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने' पंक्ति में निहित भाव को स्पष्ट करें।	2
	(iii)	कविता के पंख किसका प्रतीक हैं?	2
	3	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखें-	6

	3(i)	'गागरी फूटी बैल पियासा' इंदर सेना के इस खेलगीत में बैल के प्यासा होने की बात क्यों कही गई है?	3
	3(ii)	भक्तिन अच्छी है यह कहना मुश्किल होगा क्योंकि उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं है। लेखिका के इस कथन को स्पष्ट करें।	3
	3(iii)	पहलवान ने यह क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई और नहीं बल्कि यह ढोल ही है?	3
	4	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दें-	4
	4(i)	नमक की पुड़िया ले जाने के संबंध में सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व था?	2
	4(ii)	'पहलवान की ढोलक' पाठ में महामारी से पीड़ित गाँव की दुर्दशा का वर्णन करें।	2
	4(iii)	लोगों ने लड़कों की टोली को मेढक–मंडली नाम किस आधार पर दिया? यह टोली अपने आपको इंदर सेना कहकर क्यों बुलाती थी?	2